Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 07 दिसंबर, 2023

गूगल द्वारा प्रोजेक्ट जेमिनी का अनावरण

हाल ही में गूगल ने **मानव-सदृश व्यवहार प्रदर्शित करने के लिये डिज़ाइन किये** गए एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता **(AI) मॉडल**, **प्रोजेक्ट जेमिनी** का अनावरण किया है।

- इस विकास से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के मौजूदा होड़ को बढ़ावा मिलने एवं प्रौद्योगिकी के संभावित लाभों व जोखिमों को लेकर बहस बढ़ने की संभावना है।
- जेमिनी का लक्ष्य **गूगल के AI-संचालित चैटबॉट बार्ड के कार्यों की सहजता और दक्षता में वृद्धि करना** है, विशेषकर उन कार्यों में जिनमें योजना बनाना शामिल है।
- गूगल डीपमाइंड (Google DeepMind) जेमिनी को संचालित करने वाला AI प्रभाग है, यह संभावित वैज्ञानिक सफलताएँ प्रदर्शित करते हुए **गणित व भौतिकी में इस मॉडल की समस्या-समाधान कौशल पर ज़ोर देता** है।
- हालाँकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के कारण रोज़गार विस्थापन, गलत सूचना के प्रसार को लेकर चिंताएँ देखी जाती हैं।

अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन दिवस 2023

अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन दिवस (ICAD) प्रतिवर्ष **7 दिसंबर** को मनाया जाता है। इस दिन की स्थापना वर्ष 1994 में अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (ICAO) की 50वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य पर की गई थी।

- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1996 में इस दिन को आधिकारिक तौर पर मान्यता दी।
- ICAD का उद्देश्य राष्ट्रों के **सामाजिक तथा आर्थिक विकास में अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन की महत्त्वपूर्ण भूमिका** की वैश्विक मान्यता को बढ़ावा देना है।
  - यह मानवता के लाभ के लिये एक समावेशी एवं कुशल वैश्विक पारगमन नेटवर्क स्थापित करने के लिये **राज्यों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने** में ICAO की अद्वितीय स्थिति को रेखांकित करता है।
- **वर्ष 2023** के लिये इसकी **थीम: "वैश्विक विमानन विकास हेतु उन्नत नवाचार" (Advancing Innovation for Global Aviation Development)** है।
- ICAO एक संयुक्त राष्ट्र एजेंसी है जो **अंतर्राष्ट्रीय हवाई मार्गनिर्देशन** का समन्वय करती है। इसकी स्थापना वर्ष 1944 में अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन पर अभिसमय (शिकागो कन्वेंशन) के प्रबंधन के लिये की गई थी।
- **भारत ICAO का सदस्य है** तथा इसका मुख्यालय मॉन्ट्रियल, कनाडा में स्थित है।

और पढ़ें...अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (ICAO)

मिशन शक्ति के अंतर्गत "नारी अदालत" का क्रियान्वयन

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में 15वें वित्त आयोग के दौरान एक एकीकृत महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम 'मिशन शक्ति' के कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी, यह कार्यक्रम महिलाओं की रक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण सुनिश्चित करेगा।

- 'मिशन शक्ति' में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिये क्रमशः दो उप-योजनाएँ '**संबल (Sambal)**' और '**सामर्थ्य (Samarthya)**' शामिल हैं।
- वन स्टॉप सेंटर (OSC), **महिला हेल्पलाइन (181-WHL)**, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (BBBP) और **नारी अदालत** की योजनाएँ 'संबल' उप-योजना का हिस्सा हैं।
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY), **पालना, शक्ति सदन, सखी निवास** और **महिलाओं के सशक्तीकरण के लिये हब** का घटक '**सामर्थ्य (Samarthya)**' उप योजना का हिस्सा है।
- सरकार ने मिशन शक्ति के तहत चरणबद्ध तरीके से "**नारी अदालत**" के घटक को लागू करने का निर्णय लिया है। **पहले चरण में** नारी अदालत के घटक को लागू करने के लिये मंत्रालय द्वारा असम राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का चयन किया गया है।

और पढ़ें... कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, उज्ज्वला

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड "मियावाकी" वृक्षारोपण पद्धति का उपयोग करेगी

छत्तीसगढ़ में वन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिये देश की सबसे बड़ी कोयला खदान**गेवरा खदान** के आसपास साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL) अपने परिचालन क्षेत्रों में पहली बार मियावाकी पद्धति का उपयोग करके वृक्षारोपण करेगी।

- वृक्षारोपण की मियावाकी पद्धति की शुरुआत 1970 के दशक में जापान में हुई थी। वृक्षारोपण की इस तकनीक में प्रत्येक वर्ग मीटर के**देशीय पेड़, झाड़ियाँ और ग्राउंडकवर पौधे लगाना शामिल** है। यह विधि भूमि के छोटे टुकड़ों के लिये आदर्श है और ऊँचे पेड़ों की घनी कैनोपी बनाती है।
- 'मियावाकी वृक्षारोपण' के लिये चुनी गई प्रजातियाँ आमतौर पर**ऐसे पौधों की होती हैं जिन्हें बहुत अधिक रखरखाव की आवश्यकता नहीं होती है और वे प्रतिकूल मौसम, पानी की कमी की स्थिति में जीवित रह सकते हैं,** मौजूदा परिस्थितियों में तेज़ी से बढ़ सकते हैं तथा हरे आवरण की घनी परत बना सकते हैं।

और पढ़ें... शहरी वन, जलवायु परिवर्तन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-07-december,-2023